- आपदा प्रत्युत्तर /पुनर्निर्माण कार्य से प्राप्त अनुभवों को जिला, राज्य एवं राष्टीय स्तर की विकास एजेंसियों से साझा करना ताकि वे उनकी भावी योजनाओं में जगह पा सके।
- नई विकास योजनाओं में आपदा जोखिम न्यूनीकरण {डीआरआर} के तत्व शामिल कराना। डीआरआर का संदर्भ देखा जा सकता है।

2. विशिष्ट आपदा की स्थिति में किये जाने वाले कार्य:

2.1 बाढ़ के प्रासंगिक कार्य:

मधुबनी जिले की बाढ का इतिहास:

मधुबनी जिले में कुल 18 नदियॉ एवं उसकी उपशाखायें है। इन नदियों के बेसिन तथा जिले के निचले क्षेत्रा में प्रायः प्रत्येक वर्ष बाढ़ आती रहती है। 1987 और 2002 ई0 में आयी बाढ़ों ने यहॉ बहुत बड़ी क्षति पहुॅचायी थी। {विस्तृत विवरण के लिए डीडीएमपी खंड–1 में संदर्भ विश्लेषण में सारणी संख्या–3.1 – बाढ़ इतिहास की सूची का अवलोकन करें}

सर्वाधिक गंभीर बाढ़ का अनुमान:

यदि मधुबनी जिले की सारी नदियों से एक ही समय उच्चत्तम बाढ़ आ जाय और बारिश जारी रहे तो जिले के 80 प्रतिशत भूभाग में बाढ़ फैल जायेगी तथा जान–माल सहित अन्य संपत्तियों का व्यापक नुकसान होगा। कृषि मारी जायेगी और अनेक बुनियादी ढ़ांचे क्षतिग्रस्त होंगे।

विशिष्ट कार्य:

बाढ़ प्रत्युत्तर के लिए विशिष्ट कार्य तथा जिम्मेदार लोग:

कमांक	मुख्य कार्य	जिम्मेदार
	अवधि : बाढ़ पूर्व तैयारी	
1.	डीडीएमए अधिकारी, इएसएफ, इओसी तथा अन्य संबंधित संस्थाओं की बैठक आयोजित कर विभाग वार तैयारियों का जायजा लेना।	अध्यक्ष, डीडीएमए
2.	इओसी एवं नियंत्राण कक्ष के कामकाज का जायजा लेना।	अध्यक्ष, डीडीएमए

कमांक	मुख्य कार्य	जिम्मेदार
	अवधि : बाढ़ पूर्व तैयारी	
3.	नदी और नहर के तटबंध, उनके कमजोर विन्दुओं की रखवाली तथा पिछले सालों के टुटान को बंद करना।	
4.	बर्षापात के हिसाब लेना और प्रतिवेदन भेजना।	जल संसाधन विभाग
5.	गेज–रीडिंग, नक्शा तथा चार्ट आदि तैयार कर प्रसार करना।	जल संसाधन विभाग
6.	बाढ़ क्षेत्र में अधिकारियों को प्रभार और जवाबदेही देना।	अध्यक्ष, डीडीएमए
7.	मौसम विज्ञान केन्द्रीय जल आयोग, बाढ़ पूर्वानुमान संगठन द्वारा जारी मौसम रिपोर्ट और बाढ़ बुलेटिनों का प्रसारण।	ठओसी
8.	संबेदनशील तटबंध क्षेत्रों में नावों की तैनाती।	अध्यक्ष, डीडीएमए
9.	मोटर वोर्ट की व्यवस्थायें।	अध्यक्ष, डीडीएमए
10.	बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में अस्थायी पुलिस वायरलेस स्टेशनों और अस्थायी टेलीफोन की स्थापना।	पुलिस डिपार्टमेंट, बीएसएनएल
11.	टेलीफोन/टेलीग्राफ लाईनों को चालू रखने की व्यवस्था	बीएसएनएल
12.	सुदूर क्षेत्र के कमजोर लोगों के लिए सुविधाजनक जगहों पर खाद्य का भंडारण।	खाद्य आपूर्ति विभाग
13.	सूखी खाद्य सामग्री, आवश्यक दवाओं और जीवन की अन्य आवश्यकताओं की व्यवस्था।	खाद्य आपूर्ति विभाग, राजस्व विभाग
14.	वैकल्पिक पेयजल आपूर्ति व्यवस्था।	पीएचइडी
15.	जल निकासी व्यवस्था से गाद निकाल कर व्यवस्था को चालू रखें।	जल संसाधन विभाग
16.	स्वास्थ्य/पशु चिकित्सा के लिए उचित उपाय एवं सेवाओं की व्यवस्था।	स्वास्थ्य/ पशुपालन/ मत्स्य विभाग
17.	आश्रय स्थल की पहचान/चयन	राजस्व विभाग, डीडीएमए
18.	सेना की सहायता पाने के लिए अग्रिम व्यवस्था	अध्यक्ष, डीडीएमए
19.	बाढ़ राहत कार्य मे विभाग के कर्मचारियों के प्रशिक्षण	अध्यक्ष, डीडीएमए
	अवधि : बाढ़ प्रत्युत्तर कार्य	
20.	डीडीएमसी/ लाईन डिपार्टमेंट के प्रमुख सहित इएसएफ नोडल एजेंसी एवं डीडीएमए को आपदा संबंधी रिपोर्ट करना।	इओसी
21.	सेटेलाइट फोन, एचएफ/भीएचएफ सैट, हैम रेडियो, वीसैट आदि अन्य वैकल्पिक संचार उपकरणों को सक्रिय करना तथा संपर्क स्थापित करना	इओसी
22.	प्रभावित क्षेत्रा में मोबाईल आपातकालीन संचार इकाइयों की तैनाती	इओसी
23.	आइएमडी, आईएसआर, प्रखंड स्तर के अधिकारी, पुलिस, अग्निशमन अधिकारियों से संपर्क कर बाढ़ की प्रामाणिकता की पुष्टि करना।	इओसी

कमांक	मुख्य कार्य	जिम्मेदार
	अवधि : बाढ़ प्रत्युत्तर कार्य	
24.	प्रतिनियुक्ति अधिकारियों की बैठक आयोजित करना	अध्यक्ष, डीडीएमए
25.	खोज एवं बचाव दल को संगठित कर प्रभावित क्षेत्रा में भेजना।	अध्यक्ष, डीडीएमए
26.	आवश्यकतानुसार एसडीआरएफ/ एनडीआरएफ/ सेना की सहायता मॉगना	अध्यक्ष, डीडीएमए
27.	गैर सरकारी और स्वंय सेवी संगठनों के पास उपलब्ध राहत सामग्रियों का सूचीकरण करना।	डीडीएमए एवं इओसी
28.	राहत शिविर/बाढ़ आश्रयों का निर्माण करना ।	राजस्व विभाग
29.	प्रभावित समुदाय के लिए सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था करना।	पीएचइडी
30.	न्यूनतम 3 दिनों के लिए सामुदायिक रसोई वितरण केन्द्र बनाना।	राजस्व विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग
31.	स्वच्छता और सफाई की सुविधा का प्रावधान करना।	स्वास्थ्य विभाग पीएचइडी, स्वैच्छिक संगठन, समुदाय आधारित समूह
32.	स्वास्थ्य सहायता और चिकित्सा सेवओं के प्रावधान करना।	स्वास्थ्य विभाग
33.	दूर्गम/चारों ओर बाढ से धिरें गॉवों में हेलीकाप्टर की सहायता से भोजन पैकेट उपलब्द कराना।	अध्यक्ष, डीडीएमए
34.	दूर्गम/चारों ओर बाढ से धिरें गॉवों में वैकल्पिक संचार संपर्क की व्यवस्था करना।	बीएसएनएल
35.	प्रभावित पशुधन के लिए शिविर/आश्रय/चारा एवं चिकित्सा सुविधायें के इंतजाम	पशुपालन एवं मत्स्य विभाग
36.	प्रभावित लोगों के लिए आपातकालीन सहायता राशि की स्वीकृति/प्रदान करना	राजस्व विभाग
37.	अफवाह रोकने के लिए दैनिक रिपोर्ट को संचार माध्यमों एवं डीडीएमए के वेवसाईट द्वारा प्रसारण	इओसी
38.	गृह विहीन लोगों के लिए पुनर्वास	राजस्व विभाग
39.	कृषि गतिविधियों को पुनःचालु करने के लिए बालु हटाना/पुनःखेती करवाना	कृषि विभाग
40.	सड़क, तटबंध, आधारभूत संरचनाओं की मरम्मति एवं पुनर्निर्माण	आइओ, पीडब्युडी, आरसीडी आदि निर्माण विभाग
41.	प्रभावित क्षेत्रा स्थित इओसी से निरंतर संपर्क	इओसी
42.	राहत वितरण/पुनर्निर्माण के कार्य प्रारंभ करना {कृप्या कंडिका–1 किसी भी तरह की आपदा में सामान्य कार्य देखा जाय}	राजस्व विभाग

2.2 भूकम्प के प्रासंगिक कार्यः

मधुबनी जिले में भूकम्प का इतिहासः

मधुबनी का संपूर्ण जिला क्षेत्रा भूकम्प जोन–5 में है। उच्च तीव्रता वाले भूकम्प का यहाँ खतरा है। वर्ष 1934, 1988 और 2004 में यहाँ भूकम्प के गंभीर झटके हुये।

सर्वाधिक गंभीर भूकम्प का अनुमानः

6 रिक्टर स्केल से उपर के भूकम्प आने की स्थिति में संभावना है कि 50 प्रतिशत से अधिक घर नष्ट/ क्षतिग्रस्त हो जाय। ऐसी स्थिति में जिले की 60–70 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होंगे।

विशिष्ट कार्यः

भूकम्प प्रत्युत्तर के लिए विशिष्ट कार्य तथा जिम्मेदार लोगः

कमांक	मुख्य कार्य	जिम्मेदार
	अवधि : अग्रिम प्रारंभिक कार्रवाई	
1.	भूकम्प सुरक्षा, सावधानियाँ एवं बचाव के तरीकों पर प्रशिक्षण	डीडीएमए
2.	मोबाइल संचार के वैकल्पिक साधन की स्थापना	बीएसएनएल
3.	अग्निशमन सेवाये तथा सहायी कर्मचारियों का परिचालन	अग्निशमन विभाग
4.	मलवे में फँसे हताहतों के बचाव की योजना	अग्निशमन/ सिविल डीफेंस विभाग
5.	अस्पताल, मेडिकल और नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था	स्वास्थ्य विभाग
6.	तात्कालिक प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र एवं आपातकालीन अस्पताल के लिए स्वास्थ्य योजना	स्वास्थ्य विभाग
7.	मलवे की हटाने की योजना	अग्निशमन विभाग
8.	आपातकालीन स्वच्छता एवं वैकल्पिक जल आपूर्ति योजना	जल आपूर्ति विभाग
9.	फँसे लोगों के निष्क्रमण तथा गृह विहीन लोगों के लिए भोजन, वस्त्रा, आवास सहित कल्याणकारी सुविधायें यथा खेल, सूचना, जानकारी, मार्गदर्शन आदि की व्यवस्था करना	समाज कल्याण/ राजस्व/ खाद्य आपूर्ति विभाग
10.	मृतको के पहचान एवं शवों के अंतिम संस्कार योजना	पुलिस विभाग, सिविल डीफेंस
11.	परिवहन सुविधाओं का परिचालन	परिवहन विभाग
12.	वाहनों के अधिग्रहन एवं उसके परिचालन हेतु पेटोल, तेल, स्नेहक, स्पेयर पार्ट्स सहित मरम्मति योजना	परिवहन विभाग
13.	कला की वस्तुओं और सांस्कृतिक महत्व की चीजों सहित अन्य संपतियों के संरक्षण की योजना	भवन निर्माण विभाग
14.	अनिवार्य सेवायें यथा संचार सहित उधौग एवं महत्वपूर्ण कारखानों की सुरक्षा/मरम्मति/उध्दार के उपाय करना।	डीडीएमए
15.	भूकम्प सुरक्षा पर जागरूकता के लिए सूचनाओं का प्रचार–प्रसार करना।	डीडीएमए

क्रमांक	मुख्य कार्य	जिम्मेदार
	अवधि : 0 + 15 मिनट	
16.	डीडीएमए, लाइन डीपार्टमेंट के प्रमुख इएसएफ की नोडल एजेंसियॉ डीडीएमसी के अधिकारियों को सूचना देना/रिपोर्ट देना	इओसी प्रभारी
	अवधि : 0 + 30 मिनट	
17.	संचार के वैकल्पिक उपायों/उपकरणों यथा सेटेलाइट फोन, एचएफ/भीएचएफ, हैम रेडियों तथा भीसैट आदि को सक्रिय कर संचार संपर्क स्थापित करना	इओसी प्रभारी
18.	आपाकालीन संचार इकाई को प्रभावित क्षेत्रा में तैनाती कर संचार संपर्क जारी कायम करना।	बीएसएनएल
19.	डीएमटी, क्युआरटी, एफआरटी एवं इएसएफ आदि को सक्रिय करना।	डीडीएमए अध्यक्ष
20.	सभी संबंधित अधिकारी/सभी टीम प्रतिनिधि को इओसी को रिपोर्ट करने के लिए निर्देशित करना	इओसी प्रभारी
21.	आइएमडी, आइएसआर, प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों से धटना की प्रामाणिकता की पुष्टि करना	इओसी प्रभारी
22.	डीडीएमए एवं इओसी के द्वारा धटना की गंभीरता का स्तर तय करना {यथा ग्राम स्तर, प्रखंड स्तर अनुमंडल स्तर जिला स्तर आदि}	डीडीएमए अध्यक्ष
23.	इएसएफ टीम जिला इंटर एजेंसी ग्रुप एवं प्रभावित क्षेत्रों के अधिकारियों की पहली समन्वयन बैठक बुलाना। प्रभावित क्षेत्रा में कार्यरत इंटर एजेंसी ग्रुप की सदस्य संस्थाओं को अनिवार्य रूप से बैठक में शामिल कराना ताकि जमीनी सच्चाई की अद्यतन जानकारी मिले। प्रभावित क्षेत्रा में यह बैठक आयोजित करना समीचीन होगा।	इओसी प्रभारी
	अवधि : 0 + 1 घंटा	
24.	प्रभावित क्षेत्रा में आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} स्थापना करना।	इओसी
25.	आपदा की गंभीरता {स्तर} के अनुरूप आपदा प्रत्युत्तर कार्य सक्रिय करना। • प्रखंड स्तर के आपदा में डीएमटी, क्युआरटी, एफआरटी और इएसएफ के सहयोग से अंचलाधिकारी जिम्मेदारी लेंगे। • अंचलाधिकारी नियमित रूप से डीडीएमए और इओसी से संपर्क कर आपदा प्रत्युत्तर कार्य की अद्यतन जानकारी देंगे। • जिला स्तर के आपदा के मामले में डीएमटी, क्युआरटी, एफआरटी और इएसएफ के सहयोग से कोई वरिष्ट एडीएम जिम्मेदारी लेंगे	डीडीएमए अध्यक्ष
26.	तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्रा में खोज एवं बचाव कार्य को सक्रिय करेंगे।	इओसी
27.	आवश्यकतानुरूप प्रभावित लोंगो की खाज, बचाव एवं निष्क्रमण के लिए सेना/अन्य तकनिकी संस्थानों से बाहरी सहयोग लेना।	डीडीएमए
28.	नुकसान एवं जरूरत संबंधी सूचनाओं का मिलान एवं विश्लेषण करना।	इओसी
29.	जिला इंटर एजेंसी ग्रुप को आकलन पत्रा साझा करने के लिए आग्रह करना।	इओसी

कमांक	मुख्य कार्य	जिम्मेदार
	अवधि : 0 + 1 घंटा	
30.	प्रभावित क्षेत्रों में वरिष्ट एडीएम के पदाधिकारी का प्रतिनियोजन	डीडीएमए
31.	आपदा प्रत्युत्तर टीम/संसाधन के त्वरित परिचालन के लिए सड़क/रेल रूटो की स्थिति का तत्काल आकलन/ अनुवर्ती कार्य	परिवहन विभाग ए इओसी
32.	अफवाह के नियंत्राण के लिए मीडिया के प्रबंधन और सार्वजनिक सूचना।	इओसीए सूचना एवं जनसंपर्क विभागा
33.	निजी/सार्वजनिक एजेंसियॉं तथा जिला इंटर एजेंसी ग्रुप से आपताकालीन खोज एवं बचाव कार्य में सहयोग के लिए अनुरोध।	डीडीएमए
34.	आवश्यकतानुरूप पड़ोसी जिले/राज्य से सहायता की अनुरोध ।	डीडीएमए
35.	प्रभावित क्षेत्रों में कानून और व्यवस्था की स्थिति बहाल करना/सुरक्षा प्रदान करना।	पुलिस विभाग
36.	प्रभावित क्षेत्रों मे चिकित्सा प्रत्युत्तर टीम को भेजना। टीम में धाव के लिए प्राथमिक सहायता कर्मचारी एवं हडडी रोग विशेषज्ञ हो।	स्वास्थ्य विभाग
37.	एसएआर टीम एवं प्रसांगिक उपकरणों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजना	इओसी, डीडीएमए
38.	प्रभावित क्षेत्रों के इओसी से निरंतर संपर्क रखना	इओसी
39.	सभी अस्पतालों को घायलों की चिकित्या के लिए तैयार रहने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश देना ।	डीडीएमए, इओसी
	अवधि : 0 + 12 घंटा	
40.	प्रभावित क्षेत्रों में उपकरण, मशीनें एवं स्वंय सेवको के पहुॅचने के लिए सभी रास्ते खोल देना और टेफिक प्रबंधन करना।	परिवहन विभाग
41.	रेलवे स्टेशन बस स्टेण्ड आदि आवागम केन्द्रों पर सूचना केन्द्र स्थापित करना।	डीडीएमए
42.	राहत सामग्री यथा तम्बू, खाद्य सामग्री पानी, कम्बल आवश्यक दवाईया जुटाना/भेजना।	राजस्व विभाग
43.	बचायें गये व्यक्यिों को अस्थाई आश्रयों में भेजना एवं उनके लिए भोजन, पानी, स्वच्छता सुविधा,अन्य सामग्रीयों की व्यवस्था।	राजस्व विभाग
44.	प्रभावित क्षेत्रों में अस्थाई अस्पताल खोलना ।	स्वास्थ्य विभाग
45.	घायल व्यक्यिों को अस्पताल भेजना।	स्वास्थ्य विभाग
	अवधि : 0 + 24 घंटा	
46.	प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का प्रतिवेदन तैयार करना, त्वरित उन्हें सभी हितधारियों तक पहुॅचाना एवं बीडीएमए की वेवसाइट पर अपलोड करना।	इओसी
47.	प्रतिदिन न्यूनतम 2 वार स्थिति और प्रत्युत्तर कार्य की जानकारी का प्रेस नोट जारी करना ।	इओसी

कमांक	मुख्य कार्य	जिम्मेदार
	अवधि : 0 + 24 घंटा	
48.	गैर प्रभावित क्षेत्रा के अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रा में सहयोग के लिए प्रतिनियुक्त करना।	डीडीएमए
49.	इओसी, मुख्यालय, ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन सहित मुख्य विभागों, पुलिस कार्यलय, अस्पताल आदि की बिद्युत, जल आपूर्ति, दूर संचार सुविधायें आदि अनिवार्य सुविधाओं को प्राथमिकता देकर बहाल करना।	पीएचइडी/बीएसएनएल/विद्युत विभाग
	अवधि : 0 + 48 घंटा	
50.	प्रभावित क्षेत्रों में हुई बहुविषयक क्षति एवं जरूरतों के आकलन की योजना बनाना। आकलन टीम में विविध इएसएफ टीम के लोग, इंटर एजेन्सी ग्रुप के सदस्य शामिल करना।	इओसी
51.	आकलन प्रतिवेदन एवं अन्य प्रांसगिक सूचनाओं को डीडीएमए की वेवसाइट पर डालना।	इओसी
52.	शवों के अंतिम संस्कार के लिए एनडीएमए की मार्ग निर्देशिका के अनुसार मृतको की पहचान/ फोटोग्राफ/ पोस्टमार्टम रिपोर्ट के रखरखाव की व्यवस्था करना।	पुलिस/स्वास्थ्य विभाग
53.	राहत केन्द्र के समीप समुदाय, रिश्तेदार, स्वैच्छिक संगठन आदि के लिए सूचना केन्द्र खोलना।	इओसीए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग
54.	किसी लापता व्यक्ति/ क्षति के संबंध में जानकारी संग्रहन की व्यवस्था करना और प्रतिकिया में अस्पताल, आश्रय स्थल एवं पुलिस अभिलेखों से खोज प्रारंभ कर देना ।	इओसी
	अवधि : 0 + 72 घंटा	
55.	अज्ञात और लावारिस शवों के निस्तारण की व्यवस्था करना।	पुलिस/स्वास्थ्य विभाग
56.	आवश्यकतानुरूप स्थानीय अस्पताल के घायलों को जिला अस्पताल/अन्य विशेष अस्पतालों तक पहुॅंचाने की व्यवस्था करना।	परिवहन/स्वास्थ्य विभाग
57.	राहत वितरण एवं पुनर्निर्माण के कार्य शुरू कर देना। {देखेः– किसी भी तरह की आपदा में सामान्य कार्य}	राजस्व विभाग

2.3 सूखे के प्रासंगिक कार्यः

मधुबनी में सूखे का इतिहासः

मधुबनी के उन क्षेत्राों में जहॉं नदियॉं नही है, अक्सर सूखे एवं पानी की कमी की समस्या होती है। 1966–68 के दौरान यहॉं लम्बे समय तक सूखे की स्थिति रही थी। अनेक लोग इस सूखे से बुरी तरह प्रभावित हुये थे।

सर्वाधिक गंभीर सूखे का अनुमानः

यदि यहॉं मानसून की वर्षा न हो और नदियॉं सूख जाय तो भयंकर सूखा पड़ेगा। कृषि बुरी तरह प्रभावित होगी व पलायन बढ़ेगा। महिलायें, बच्चें, वृध्द सहित पशुधन को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा।

विशिष्ट कार्यः

कृषि के लिए प्रासंगिक योजनाः

- फसल बचाने की उपाय
- वैकल्पिक फसल पध्दति
- फसल प्रतिपूरक कार्यक्रम
- लागत आपूर्ति
- सिंचाई सुविधायें
- बिजली आपूर्ति

पेयजलः

- केन्द्रीय भूजल वोर्ड {सीजीडब्युबी} के तकनीकी सहायता से ग्रामीण क्षेत्र में जल आपूर्ति की प्रासंगिक योजना बनाना।
- शहरी. क्षेत्रा में वोरवेल/टेंकर/विशेष रेलगाड़ी या अन्य उपयुक्त उपायों से पेयजल व्यवस्था योजना।
- सूखा प्रभावित ग्रामीण/शहरी क्षेत्राों में पेयजल उपलब्दता की नियमित समीक्षा

जल संसाधनः

- प्रत्येक सिंचाई जलाशय के उपलब्ध पानी से पेयजल की आवश्यकता के अतिरिक्त खरीफ और रबी में सिंचाई आवश्यकता/वास्वीकरण नुकसान आदि को केन्द्रित कर पानी का बजट बनाना।
- नलकूप को चालु रखने की मरम्मति/नये नलकूप लगाना/पानी की बर्वादी रोकना।
- ज्यादा मात्राा में पानी खर्च करने वाले उधौगों को विनियमित करना।
- स्वास्थ्य विभाग की मंजूरी के साथ रासायनिक तत्वों की सहायता से वाष्पीकरण को कम करना।

रोजगार श्रृजनः

- रोजगार श्रृजन के लिए प्रर्याप्त राहत कार्य चलाना।
- रोजगार श्रृजन योजना यथा मनरेगा योजना के कोष को प्रभावी क्षेत्रा में जोरदार तरीके से चलाना।
- रोजगार श्रृजन की अन्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन को प्रस्तुत रहना।
- अन्य सूखा रोधण योजनाओं को चिन्हित कर उच्च प्राथमिकता देना।

सामुदायिक स्वास्थ्यः

- जल जनित रोगों के प्रसार के रोकथाम के लिए पेयजल श्रोतों को किटाणुरहित करने के कार्य करना।
- संभावित महामारी से निपटने के लिए योजना बनाना।
- टीकाकरण तथा अन्य नियमित सामुदायिक स्वास्थ्य के कार्यो की नियमित निगरानी करना।

महिलाएं, बच्चे एवं बृध्दः

- शिशु, गर्भवती महिलायें तथा दूध पिलाती माताओं की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करना।
- बृध्दो की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करना

पशुचाराः

- जिले के पशुधनों के लिए पशुचारे के परिमाण का आकलन करना/ उनके समुचित भंडारण की व्यवस्था करना/प्रभावित क्षेत्राों तक पहुॅचाने की व्यवस्था करना।
- मूल्य बृध्दि पर नियंत्रण के लिए बाजार के चारा बिक्रय केन्द्रों की निगरानी करना।
- चारें की अधिक उपलब्धता वाले जिले/राज्य से चारा प्राप्त करने की व्यवस्था करना।
- राज्य वन विभाग से परामर्श कर वन क्षेत्रा से चारे की कटाई के लिए छूट देना।
- अनुकूल स्थान में चारें की खेती को प्रोत्साहित करना।
- पशुआहार निर्माण सयंत्राों को दूर की आपूर्ति सुनिश्चित करना।
- राष्टीय डेयरी विकास वोर्ड {एनडीडीबी} एवं अन्य श्रोतो से यूरिया–गुड़ मिश्रित चारा ईट आवश्यकतानुार प्राप्त करना।

2.4 अग्नि कांड के प्रासंगिक कार्यः

मधुबनी में अग्निकांड का इतिहासः

गर्मी/जाड़ा के महीनों में ग्रामीण क्षेत्राों में यहॉ भयंकर अग्निकांड होते रहते है। देखा गया है कि गर्मी के महीनों में आमतौर रसोईघर के चुल्हे से एवं जाड़े के महीनों में घूर से आग लगा कर अग्निकांड हुआ करता है।

सर्वाधिक गंभीर अग्निकांड का अनुमानः

यदि किसी अग्निशमन स्टेशन के क्षेत्राधिकार में 4–5 से ज्यादा जगहों पर एक ही वक्त में अग्निकांड हो जाय तो अग्निशमन विभाग पर अत्यधिक दबाव पड़ जायेगा। गर्मी के समय में इसकी बहुत ज्यादा आशंका होती है। ऐसा होने पर प्रभावित स्थल में कालांतर में सूखे की स्थिति हो जाती है।

विशिष्ट कार्यः

अग्निकांड रोकथाम शिक्षण एवं जागरूकताः

- लक्षित समुदाय के लिए अग्निकांड के रोकथाम के लिए जागरूकता एवं शिक्षण कार्यक्रमों/शिक्षण सामग्रियों का विकास करना।
- जागरूकता एवं शिक्षण कार्यक्रमों/शिक्षण सामग्रियों को मैथिली भाषा में चित्राों द्वारा विकसित करना।
- तकनीकी विशेषज्ञ एवं शिक्षण वैज्ञानिको की सहायता से स्थानीय विद्यालय के बच्चों के लिए अग्नि/पारिस्थितिकी प्रबंधन की पठनीय सामग्री विकसित करना।
- प्राथमिक/माध्यमिक/उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय/महाविद्यालय/गैर सरकारी संस्थान आदि को स्थानीय परिस्थिति में अग्नि प्रबंधन कार्यक्रम तैयार करने को प्रोत्साहित करना।
- मानवीय भूल से हुए अग्निकांड की आवृत्ति/कारण स्थान आदि के ऑकड़े का अभिलेखीकरण करना और अग्निकांड से बचाव के कार्यक्रम बनाना।

अग्निकांड की रोकथाम के लिए पूर्व तैयारीः

- पूर्व तैयारी में अग्निशमन कर्मचारी तथा जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देना।
- अग्निकांड की व्यापक रोकथाम योजना बनाना।
- गर्मी/जाड़े के मौसम से पहले अग्निकांड के प्रबंधन एवं उसके लिए संसाधन आवंटन तथा अन्य आवश्यक उपाय करना।
- महत्वपूर्ण भवन/कार्यालय सिनेमा घर होटल आदि में अग्निशामक यंत्रा पर्याप्त संख्या में लगाना।
- अग्निशामक वाहन के आवागमन के लिए गॉव की गलियों को विकसित करना।
- ग्राम स्तर पर गॉव के तालाब/कुँओं का जीर्णोध्दार/चापाकल मरम्मति की योजना बनाना।

अग्निकांड प्रत्युत्तरः

- अग्निकांड की सूचना मिलते ही अग्निशमण स्टेशन को सक्रिय करना।
- अग्निकांड की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस को प्रभावित क्षेत्रा में भीड़/ प्रबंधन के लिए तैनात किया जाय।
- स्थानीय आबादी को अपने–अपने घर के चुल्हें की आग को तत्काल बुझाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- रासायनिक आग के मामले में खोज और बचाव दल के साथ उस आग को बुझाने के संसाधन मुहैया करना।

2.5 भीड़ प्रबंधनः

पृष्ठभूमिः

भारी भीड़ से अक्सर दुर्घटना हो जाया करती हैं। ऐसी दुर्घटनओं को रोकने के लिए प्रभावी योजना तंत्रा की आवश्यकता है। भीड़ नियंत्राण की योजना किसी भी भावी दंगा को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है।

मधुबनी जिले में अनेक जगहों पर, विशेषकर दशहरा, दुर्गा पूजा, छठ एवं अन्य ऐसे उत्सवों पर भीड़ हो जाया करती है। इनमें से कुछ निम्नलिखित स्थान है।

1. उच्चैठ–यह बेनीपटटी प्रखंड में है। दुर्गा पूजा मेला में यहॉ बड़ी भारी भीड़ होती है।
2. कपिलेश्वर स्थान–यह जिला मुख्यालय से 9 किमी दूरी पर है। कपिलेश्वर स्थान शिव मंदिर के लिए यह गॉव सुविख्यात है। प्रत्येक सोमवार को विशेषकर सावन के महीने में असंख्य भक्तों की यहॉ भीड़ लगती है। महाशिवरात्राी के अवसर पर यहॉ बड़ा मेला लगता है।
3. सौराठ–यह मधुबनी–जयनगर सड़क के किनारे स्थित है। इस गॉव में सोमनाथ महादेव मंदिर है। मैथिल ब्राह्मणों की विवाह– वार्ता के लिए यह स्थल सभागाछी के नाम से प्रख्यात है। इस गॉव में विभिन्न मैथिल ब्राह्मण परिवार की अभिलेख रखने वाले पंजिकार निवास करते है। सभागाछी के वार्षिक अवसर पर बाहर के पंजिकार भी यहॉ आते है।
4. भवानीपुर–पंडौल प्रखंड मुख्यालय से 5 किमी दूर यह गॉव अवस्थित है। उग्रनाथ मंदिर के लिए प्रख्यात इस गॉव में विभिन्न उत्सवों पर भारी भीड़ इकट्‌ठा होती है।

ऐसे अवसरो पर भीड़ में भाग लेने वाले लोगों की संख्या का अनुमान करना और उनके उचित व्यवस्थापन का इंतजाम करना आदि कार्य स्थानीय पुलिस और प्रशासन के लिए आवश्यक है। मेले में भाग लेने वाले लोगों की संख्या, उनके ठहराव स्थल की उपलब्धता, मेले में प्रवेश एवं निकासी के रास्ते, आपातकाल निकासी द्वार, मेले की व्यवस्था के सम्बन्ध में बताने वाले स्वंय सेवकों की व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, प्राथमिक उपचार व्यवस्था आदि पर स्थानीय पुलिस, प्रशासन एवं आयोजको को पूर्ण विचार एवं आकलन कर लेना चाहियें।

प्रबंधन में किसी कमी के कारण दुर्धटना की संभावना हो सकती है। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि आयोजकों ने सभी सुरक्षा मानकों को पूरा कर लिया है अन्यथा आयोजन को रद्‌द कर दे।

पूजा पंडाल और मेलों में भीड़ के प्रबंधन के लिए निम्नलिखित मार्ग दर्शिका देखी जा सकती है।

⏭ मेला स्थान एवं पंडाल निर्माण की जगहः

- पंद्रह फीट से कम चौड़ाई वाली सड़क में न्यूनतक 4 फीट चौड़ी जगह खाली रखी जाय। 15–30 फीट चौड़ी सड़क के लिए यह दूरी न्यूनतम 6 फीट हो। 30 फीट से ज्यादा चौड़ी सड़क में न्यूनतम 10 फीट चौड़ी सड़क खाली रखी जाय।

- किसी भी पक्की इमारत, बाउंड्रीवाल या अन्य स्थायी संरचना के चारो ओर न्यूनतम 4 फीट जगह खाली रखी जाय।
- कोई भी बड़ी संरचना 40 फीट से ज्यादा उॅची न हो
- अग्निकांड या अन्य आपातकाल के लिए अलग से अतिरिक्त प्रवेश एवं निकासी द्वार बनाये जाय।
- न्यूनतम 12–14 फीट चौड़ा द्वार हो। प्रवेश द्वार ऐसी जगह हो कि बिना किसी बाधा के अग्निशमन वाहन आसानी से प्रवेश कर सके।
- अस्पताल अथवा नर्सिंग होम से 100 मीटर दूर ही प्रवेश पंडाल बनाया जाय।
- पंडाल तुफान सहने की क्षमता वाला बने।
- पंडाल में उचित रौशनी की व्यवस्था हो।
- पंडाल में बिना वाधा वाला पर्याप्त निकासी द्वार हो।
- पंडाल के समीप सार्वजनिक उद्धोषणा केन्द्र हो।
- प्रवेश, निकास एवं परिसंचरण पर नजर रखने के लिए सुविधाजनक स्थान में सीसीटीभी लगाना।
- रौशनी के लिए वैकल्पिक इंतजाम सुरक्षित रखना।
- अतिरिक्त आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था हो।
- महत्वपूर्ण सड़को से 50 मीटर दूरी के भीतर बैनर/होर्डिंग लगाने से रोकना कि ड्राइवरो की एकाग्रचित्ता न टूटे और परिवहन वाधित न हो ।
- पर्याप्त पुलिस/गुह रक्षक एवं अन्य सुरक्षा बलों को घटना स्थल पर प्रतिनियुक्त करना।
- पंडाल बनाने वाले या मेला लगाने वाले आयोजकों के पास आपदा प्रबंधन की योजना होनी चाहिये।

⏭ अग्नि सुरक्षाः

- मुख्य पंडाल से 200 गज की दूरी के भीतर रसोइधर न हो और ना कोई खुली आग जलने दी जाय।
- पर्याप्त मात्राा मे पानी, बालु भरी बाल्टियॉ एवं अग्निशामक यंत्रा की व्यवस्था रहे।
- रौशनी के लिए लाईसेंसशुदा ठीकेदारों से ही काम लिया जाय।
- पुराना या नंगा तार व्यवहार में न लाया जाय। पंडाल के कपड़ों से तार का स्पर्श न हो।
- आयोजक अनिवार्य रूप से अग्निशमन विभाग/पुलिस से अनापत्ति प्रमाण पत्रा {सुरक्षा प्रमाण पत्रा} लें।

- किसी भी तरह की सिन्थेटिक सामग्री/रस्सी का उपयोग न हो।
- वहाँ किसी तरह की कोई संरचना न बनायी जाय जहाँ जमीन के अन्दर से बिजली लाइन गयी है।
- पंडाल के अन्दर कोई भी ज्वलनशील पदार्थ या विस्फोटक रसायन न रखा जाय।

दर्शको के लिए अनिवार्य व्यवस्थाः

- पंडाल के अन्दर लोगों के घुमने–फिरने के लिए 75 प्रतिशत जगह खाली रखी जाय।
- पंडाल पर्याप्त रूप से हवादार हो।
- पंडाल क्षेत्रा के समीप पर्याप्त पेयजल व्यवस्था हो।
- स्त्री एवं पुरूषों के लिए अलग–अलग शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था हो।
- आयोजक को चाहिये कि पर्याप्त संख्या में स्वंय सेवकों को रखें। इन्हें भीड़ नियंत्राण का प्रशिक्षण हो।
- पंडाल व्यवस्था में प्रवेश, निकासी, आपातकालीन निकासी द्वारों सहित अग्निशमन यंत्रा/वाटर हाईड्रेन्ट, प्राथमिक चिकित्सा किट {स्वास्थ्य सेवा इकाई} आदि महत्वपूर्ण बातें बताने के लिए पर्याप्त मात्रा में साइन बोर्ड हो।
- पंडाल के प्रवेश द्वार पर दर्शकों की सुविधा के लिए नक्शा/पंडाल के डिजाईन/पूजन स्थल आदि के विषय में जानकारी हो।
- किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए डॉक्टर सहित स्वास्थ्य सेवा इकाई आवश्यक दवाओं के साथ रहे।
- हर हाल में दर्शकों को आवश्यक जानकारी देते रहने के लिए सूचना केन्द्र अवश्य हो।

ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं ध्वनिः

- ध्वनि को 65 डेसीबल से नीचे सीमित किया जाय। पटाखे की आवाज की तीव्रता विस्फोट स्थल से 5 मीटर की दूरी के बाद 90 डेसीबल से नीचे हो।
- ध्वनि विस्तारक यंत्रा {साउण्उ बॉक्स सहित} की अवधि 7 बजे शुबह से 11 बजे तक और अपराहन 6 बजे से रात्री के 10 बजे तक सीमित किया जाय।

भसान {विसर्जन} की मार्गनिर्देशिकाः

- मुर्ति के भसान के समय के दौरान वाहन पर रखी मूर्ति की उँचाई 17 फीट से ज्यादा न हो।
- भसान के समय कोई पटाखे न छोड़े जाय।
- भसान जुलूस में वाहनों की अनुमति सीमित की जाय।
- जगह की कमी के मद्देय नजर प्रत्येक पूजा कमिटी/पंडाल आयोजकों में से कुछ ही लोगों को नदी तक जाने दिया जाय।

भाग–2: क्षेत्रीय आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} अथवा समन्वयन तंत्र की स्थापना:

जिले में जिला मुख्यालय में राजस्व नियंत्राण कक्ष के साथ– साथ एक विशेष आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} की स्थापना की जाएगी। यह केन्द्र 7 बजे शुबह से 7 बजे शाम तक 12 घंटे कार्यरत रहेगा। 7 बजे शाम से 7 बजे सुबह तक यह केन्द्र एक डयुटी ऑफिसर एवं उनके सहयोगी कर्मचारियों के अधीन कार्य करेगा। {इओसी} में पर्याप्त मानव एवं भौतिक संसाधन उपलब्ध होंगे। इओसी को प्राप्त इन संसाधनों का आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त किसी भी कार्य में उपयोग नही किया जायेगा।

आपातकालीन परिस्थिति में इओसी भवन में आवश्यक सहायता कार्य {इएसएफ} टीम के लोगों के बैठने का इंतजाम होगा। केवल नोडल इएसएफ के लोग इओसी में बैठेगें और सहयोगी एजेंसियों के साथ जिले में चल रहे आपदा प्रबंधन कार्यो का समन्वयन करेंगें। इओसी में कारगर संचार सुविधायें चालु रहेंगे।

आपदा के परिस्थिति में इओसी की भूमिका:

मौसम की भविष्यवाणी करने वाली एजेंसियों से प्राप्त सूचना के आधार पर सरकार के विभाग सहित आम जनता के लिए चेतावनी जारी कर दी जाय। इओसी का प्राथमिक कर्तव्य समय पर सही चेतावनी जारी कर देना है। चेतावनी प्रभावी रूप से जारी करने के लिए इओसी के पास सुनियोजित संचार व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहना चाहिये। जिला पदाधिकारी चेतावनी जारी करने के लिए सक्षम पदाधिकरी है। निम्नलिखित संस्थाओं को भी चेतावनी मिलें–

- आवश्यक सहायता कार्य {इएसएफ} की सभी टीमों को
- जिला आपदा प्रबंधन समिति {डीडीएमसी} के सभी सदस्यों को
- जिला पदाधिकारी के कार्यालय को
- राज्य राहत आयुक्त को
- पड़ोसी जिलों के आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} को
- राज्य/राष्ट्र आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} को
- जिला के जनप्रतिनिधियों को

जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} अपने भवन में आवश्यक सहायता कार्य इएसएफ से सहयोग लेने एवं समन्वयन हेतु आवश्यक स्थान अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये। साथ ही साथ घटना स्थल पर क्षेत्रीय आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} की भी स्थापना करें। क्षेत्रीय, राज्य एवं जिला के आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} निरंतर संपर्क मे रहकर आपदा की परिस्थिति नवीनतम जानकारी लेते रहे।

आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} की सामान्य समय में भूमिकाः

जिला पदाधिकारी को शक्ति प्राप्त है कि आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} में एक प्रशासनिक अधिकारी को प्रतिनियुक्ति कर सके। यह पदाधिकारी आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} के प्रभावी कार्य के लिए जबावदेह होगा। सामान्य समय में इनके निम्न कार्य होंगे–

- सुनिश्चित करना कि आपातकालीन परिचालन केन्द्र {इओसी} के सभी यंत्रा चालू अवस्था मे हैं।
- आपदा प्रबंधन हेतु लाइन डिपार्टमेंट से नियमित ऑकड़ा संग्रहन करना।
- जिले में आपदा पूर्व तैयारी एवं आपदा शमन की गतिविधियों पर प्रतिवेदन तैयार करना।
- जिला आपदा प्रबंधन योजना का उचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
- नियमित रूप से डाटा बैंक को अद्यतन करते हुये अभिलिखित करना तथा किसी घटना/चेतावनी मिलने पर कार्य प्रारंभ तंत्रा {ट्रिगर मेकेनिज्म} को सक्रिय करना।

क्षेत्रीय आपातकालीन परिचालन केन्द्र {ओइओसी}:

क्षेत्रीय आपातकालीन परिचालन केन्द्र {ओइओसी} आपदा स्थल के समीप स्थापित किया जायेगा जो जिला इओसी के साथ जुड़कर काम करेगा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/अंचल अधिकारी इस स्तर पर क्षेत्रीय कमांडर इन चीफ होंगे। जिला इन्सिडेंट कमांडर {जिला पदाधिकारी} के निर्देशानुसार क्षेत्रीय कमांडर अपने स्थानीय प्रबंधन टीम के सहयोग से समन्वयन के सभी कार्य करेंगें। क्षेत्रीय आपातकालीन परिचालन केन्द्र {ओइओसी} किसी आपदा के समय ही सक्रिय रहेगा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/अंचल पदाधिकारी आपदा स्थल पर सभी गतिविधियां निष्पादित करने के लिए जिम्मेवार होगा, लेकिन कार्य नोडल डेस्क अधिकारियों के माध्यम से जिला इओसी से नियंत्रित और समन्वित किये जायेंगे।

अनुलग्नक:

- त्वरित आकलन प्रपत्र
- विस्तृत क्षति आकलन प्रपत्र

** उपरोक्त प्रपत्रा खंड–3 {जॉच सूची, प्रपत्रा एवं संसाधन ऑकड़ें} में उपलब्ध है।

टिप्पणी:

टिप्पणी:

टिप्पणी:

टिप्पणी:

टिप्पणी:

टिप्पणी:

जिलाधिकारी सह अध्यक्ष
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
मधुबनी, बिहार

फोनः +91-06276-222217
फैक्सः +91-06276-222209
ईमेलः dm-madhubani.bih@nic.in